# जनगणना 2027 की तैयारी में लापरवाही उजागर

▸ अपर कलेक्टर ने अफसरों को जारी किए नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत आयोजित फील्ड स्तरीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने अनुपस्थित रहने पर डॉ. विक्रमसिंह गेहलोद, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय आलोट तथा जावेद अहमद रईस, अतिथि विद्वान शासकीय महाविद्यालय ताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शीघ्र संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। जनगणना कार्य में लापरवाही पाए जाने पर 1000 रुपए के जुर्माने और तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान भी बताया गया है। इधर, शासकीय कन्या महाविद्यालय



में बुधवार को जनगणना-2027 के लिए फील्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 30 फील्ड ट्रेनर्स एवं 10 रिजर्व ट्रेनर्स को विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर डॉ. रविकांत चौहान तथा भोपाल से आई जिला जनगणना प्रभारी सुश्री ओजस्विनी ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जनगणना प्रक्रिया, स्वगणना वेब पोर्टल, सत्यापन एवं आवश्यक सावधानियों सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स आगे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे और फील्ड में आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बी.के. पाटीदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं संयुक्त निदेशक एवं नेशनल ट्रेनर जय शहदादपुरी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**30 फील्ड ट्रेनर्स तथा 10 रिज़र्व फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया**

शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को जनगणना-2027 के लिए फिल्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जनगणना 2027 हेतु जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर के प्रथम बैच के प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ रविकांत चौहान तथा भोपाल से आए रतलाम जिले के जिला जनगणना प्रभारी सुश्री ओजस्विनी द्वारा 30 फील्ड ट्रेनर्स तथा 10 रिज़र्व फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फील्ड ट्रेनर्स आने वाले समय में मकान सूचीकरण कार्य करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा फील्ड में आने वाली परेशानियां का निराकरण करवाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान भारत की जनगणना-2027 के तहत किये जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# 5वीं-8वीं के शानदार रिजल्ट से स्कूलों में जश्न का माहौल

▸ कक्षा 5वीं का परिणाम 95.60 प्रतिशत, कक्षा 8वीं में 94.30

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम जारी होते ही जिले में खुशी का माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर सफलता का जश्न मनाया। कक्षा 5वीं में रतलाम का परिणाम 95.60 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 8वीं में 94.30 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

जानकारी के अनुसार, कक्षा 5वीं में कुल 26,580 में से 24,960 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 23,863 पास हुए और 5,022 को ए ग्रेड मिला। वहीं कक्षा 8वीं में 23,034 में से 20,896 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 19,704 पास हुए और 5,525 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड हासिल किया। प्रदेश स्तर पर रतलाम जिला कक्षा 8वीं में 29वें और कक्षा 5वीं में 32वें स्थान पर रहा। परिणाम घोषित होते ही स्कूलों में उत्साह देखा गया और विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ अपनी सफलता की खुशियां साझा कीं।



## जीटीबी शास्त्री नगर का परिणाम शतप्रतिशत्

श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल (जीटीबी) शास्त्री नगर की कक्षा 5वीं तथा 8वीं का परीक्षा का परिणाम शतप्रतिशत् रहा। श्री गुरु तेग बहादुर शैक्षणिक विकास समिति अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह डंग, प्रधान अध्यापिका सरला माहेश्वरी ने बताया कि कक्षा 5 वीं बोर्ड परीक्षा में 81 विद्यार्थी शामिल हुए। 22 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। नैवेद्य शर्मा (87 %), मोहम्मद साद ( 86.25%), समर सिंह (82%), आबेदीन मंसूरी ( 82.75%),अलहान मोहम्मद (82 .25%) अंक हासिल किए। कक्षा 8वीं में 93 विद्यार्थी शामिल हुए। छवि पवार (93.67%) मिष्टि परिहार (91.50%), मोहम्मद अली (91.50%), कृपा सोलंकी (91.17%), वंश राज भंडारी (90.50%) व वैदिक राजोरा (90%) अंक हासिल किए हैं तथा 56 विद्यार्थीयो ने 75% से अधिक अंक हासिल किए हैं।

## एक नजर में

### पूर्व सरपंच कांतिलाल कटारा का निधन



**सैलाना।** ग्राम पंचायत भीलों की खेड़ी के पूर्व सरपंच कांतिलाल कटारा का बुधवार को निधन हो गया। वे दो कार्यकाल तक सरपंच रहे और पिछले तीन माह से अस्वस्थ चल रहे थे। दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। अंतिम यात्रा में विधायक कमलेश्वर डोडियार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, जयस जिला अध्यक्ष रमेश खराड़ी, नेता प्रतिपक्ष मुकेश पाटीदार, पूर्व पार्षद प्रदीप राठौर, कांतिलाल काग सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बोदीना मार्ग स्थित शांतिवन मुक्तिधाम पर उनके पुत्र सोनू कटारा ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में शामिल सभी लोगों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 28 को

**रतलाम।** सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि अनुसुचित जाति/जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में 28 मार्च शनिवार को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### जिले में हैंडपंपों की कलर मार्किंग की गई

**रतलाम।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्थापित हैंडपंपों पर शासन के निर्देशानुसार कलर मार्किंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत वर्षभर चालू रहने वाले हैंडपंपों को हरे रंग, ग्रीष्मकाल में रुक-रुक कर चलने वाले हैंडपंपों को पीले रंग तथा गुणवत्ता प्रभावित हैंडपंपों को लाल रंग से चिन्हित किया जा रहा है। यह कार्य आगामी दो सप्ताह में पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित



**रतलाम।** चिकित्सक सेवा का पर्याय होते है, लेकिन चिकित्सक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करे तो, समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए कार्य होता है। पूर्व सांसद स्व.डॉ लक्ष्मीनारायण पांडेय एक ऐसे ही आदर्श व्यक्तित्व थे, जो आज भी जनमानस में अमिट छवि बनाये हुए है। उक्त विचार डॉ लक्ष्मीनारायण पांडेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में जन्मजयंती कार्यक्रम में अतिथियों ने व्यक्त किये। परिसर में डॉ पांडेय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित चिकित्सा अधिकारियो ने डॉ पांडेय की जन्मजयंती पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज डीन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ अनीता मुथा, अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रदीप मिश्रा, डॉ विनय शर्मा, डॉ अंकित शर्मा, मयंक पाण्डेय, श्रीमती मीतिका भूरिया सहित मेट्रन एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

# पुलिस ने गुम हुए मोबाइल ढूंढ कर 100 लोगों को लौटाए



▸ मोबाइल मिलने की खुशी में खिले चेहरे

**रतलाम।** जिले सहित अन्य जिलों के लोगों के गुम हुए 20 लाख के मोबाइल पुलिस की साइबर सेल ने अथक प्रयास से ढूंढ निकाले। मोबाइल उनके मालिकों को पुलिस कंट्रोल रूम पर दिए गए। जैसे ही उनको मोबाइल दिए वैसे ही उनके चेहरे खिल उठे। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से आह्वान किया है कि यदि किसी को मोबाइल मिलता है तो थाने में जमा करवाएं।

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सायबर सेल द्वारा यह विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर उन्हें ट्रेस किया गया। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर मोबाइल का वितरण हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य मौजूद थे।

**यहां से ढूंढ कर निकाले मोबाइल:** बरामद मोबाइल फोन रतलाम, इंदौर, धार, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, झाबुआ सहित विभिन्न स्थानों से प्राप्त किए गए। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि अधिकांश मोबाइल फोन अलग-अलग व्यक्तियों को रास्ते में गिरे हुए मिले थे, जिन्हें उन्होंने अनजाने में उपयोग करना शुरू कर दिया था। पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों को भविष्य में किसी का मोबाइल मिलने पर निकटतम थाने में जमा कराने की समझाइश दी गई।

**इन कंपनियों के हैं मोबाइल:** बरामद मोबाइलों में सैमसंग, वीवो, रियलमी, रेडमी, ओप्पो, एप्पल तथा अन्य विभिन्न कंपनियों के मोबाइल शामिल रहे।

**अपील: मोबाइल मिले तो करवाएं थाने में जमा**

रतलाम पुलिस ने नागरिकों से आह्वान किया है कि यदि किसी को कोई गुम मोबाइल फोन मिलता है तो उसे अपने पास रखने के बजाय निकटतम पुलिस थाने में जमा कराएं। ऐसा करने वाले व्यक्तियों को उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रतलाम पुलिस द्वारा नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** इस अभियान में निरीक्षक अमित कोरी, उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, हिम्मत सिंह, विपुल भावसार, मयंक व्यास, राहुल पाटीदार, तुषार सिसौदिया, मोर सिंह, जितेंद्र चौधरी एवं आरक्षक वीरेंद्र डाबी की सराहनीय भूमिका रही।



# पेट्रोल,डीजल की सुचारु उपलब्धता हेतु अपर कलेक्टर ने ली पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक

**रतलाम।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु उपलब्धता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष मे पेट्रोल पम्प संचालको की बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले सहित पेट्रोल पम्प संचालक उपस्थित थे।

बैठक में सभी पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पम्पों पर स्पष्ट रूप से बैनर अथवा फ्लेक्स लगाकर पम्प पर पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक उपलब्धता प्रदर्शित करे। किसी भी पम्प पर बोतल, केन, बैरल अथवा ड्रम में पेट्रोल-डीजल का विक्रय नहीं किया जाए। साथ ही बंद हो चुके पम्पों एवं अभी तक प्रारंभ नहीं हुए पम्पों पर सूचना पट्ट लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी देने के निर्देश दिए गए जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। बैठक में पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन एवं प्रत्येक तीन घंटे में स्टॉक की अद्यतन जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उपभोक्ताओं की लाइन को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एम्बुलेंस एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए जिससे आपातकालीन सेवाएं प्रभावित न हों।

# भक्ति में डूबा सैलाना : कालिका माता मेले में रातभर झूमे श्रद्धालु

▸ भजन गायक प्रेमशंकर जाट ने बांधा समां, देर रात तक गूंजे भक्ति रस के सुर

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** कालिका माता मंदिर क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मेले में बुधवार रात भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रेमशंकर जाट ने अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान जाट ने 'सुन ओ सांवरिया मंडफिया वारा कारी गाड़ी लानी हे', 'घणा-घणा गरीबां ने सेठ बनाओ, अबकी बारी म्हारी हे' और 'म्हारी रोजी रो रोटी रो इंतजाम हो गयो' जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। 'मंडफिया वारों



सेठ सांवरों सैलाना में आयो रे' भजन पर तो पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। भजन संध्या देर रात तक चलती रही, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

पूरे आयोजन में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर युवा नेता हनी गेहलोत, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, मेला समिति अध्यक्ष राधा बाई काग,उपाध्यक्ष सुनीता पाठक, नेता प्रतिपक्ष मुकेश पाटीदार, पार्षद मंगलेश कसेरा मीरा राजेश पाटीदार,जगदीश पाटीदार, कृष्णा चंदेल, पुष्पा राठौड़,आशा किशोर कसेरा,सीएमओ मनोज शर्मा,मेला प्रभारी धीरज रावत सहित जनप्रतिनिधि एवं परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 38 प्रतिभागियों का चयन

**रतलाम।** जिला प्रशासन, कौशल विकास और रोजगार विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय, मध्य प्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन किया गया। जिसमे भाग लेने वाली सुजूकी मोटर्स हसलपुर गुजरात द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 38 प्रतिभागी प्राथमिक रूप से चयनित हुए, जिसमें रोजगार हेतु 34 एवं अप्रेंटिसशिप ट्रेनी हेतु 4 आवेदक का प्राथमिक रूप से चयन किया गया, चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्राचार्य यु. पी. अहिरवार द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।



# विकास को मिली रफ्तार : नामली नप ने बजट समेत अहम प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद नामली का साधारण सम्मेलन बुधवार को नगर परिषद सभागृह में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनीता रजनीश परिहार ने की, जिसमें पार्षदगणों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही नामांतरण से जुड़े कुल 33 प्रकरणों में से 1 प्रकरण को रोकते हुए शेष 32 प्रकरणों को मंजूरी दी गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 3 प्रकरणों को स्वीकृति मिली, वहीं दुकान नामांतरण का एक प्रकरण भी पारित किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वर्ष 2027 में आयोजित करने की सहमति दी गई। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 11 में हनुमान मंदिर से मसानी पुलिया तक बरसाती नाले के निर्माण कार्य को भी हरी झंडी दी गई। पार्षद श्रीमती सीमा अजय जोगचंद, श्रीमती संध्या विष्णु गुजरिया, श्रीमती यशोदाबाई कन्हैयालाल गेहलोत, श्रीमती ममता बंकटलाल डाबी, बलवानसिंह सोनगरा, तूफानसिंह सोनगरा, राधेश्याम पडियार, श्रीमती सुशीला मोहनलाल राठौड़, राजेश चौहान, श्रीमती श्रुति आलोक जैन, सीएमओ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निशित श्रीमाल ने लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर फहराया परचम



**जावरा।** ग्राम रिंगनोद के गौरव और शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र निशित श्रीमाल ने एक बार फिर अपनी वक्तृत्व कला और नेतृत्व क्षमता से पूरे प्रदेश को प्रभावित किया है। भोपाल स्थित विधानसभा में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 में निशित ने जावरा ब्लॉक के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह निशित की अद्वितीय उपलब्धि है कि उन्होंने लगातार दूसरे वर्ष विधान सभा के गरिमामय मंच पर जावरा और रतलाम जिले का प्रतिनिधित्व किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष की लहर है। विधानसभा पहुँचने से पूर्व, निशित का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए भी हुआ था।

वहाँ उन्होंने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के निर्माण हेतु अपना विज़न साझा किया था। निशित की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.जी. पठान और महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी विद्या तिवारी एवं सहायक प्राध्यापक श्यामलाल चौधरी सहित महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उ'जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। प्राचार्य ने कहा कि निशित जैसे होनहार छात्र अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय और राजकीय मंचों पर अपनी धाक जमा रहे हैं।

**एक नजर में** ▸ भारतीय जनता पार्टी ने जावरा, सुजापुर और पिपलौदा में किए आयोजन

# डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जन्म जयंती धूमधाम सें मनाई

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भारतीय जनता पार्टी सुखेडा मंडल द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जन्म जयंती बुधवार को सुजापुर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बाबूजी के चित्र के समक्ष दीप प्र'वलन और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। यह आयोजन सुजापुर स्थित उस भव्य उद्यान में हुआ, जहाँ बाबूजी की प्रतिमा स्थापित है। इस उद्यान और प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, युवा नेता प्रांजल पाण्डेय एवं सुखेडा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन ने संबोधित किया। कार्यक्रम में



समाजसेवी महेन्द्रसिंह बामनखेडी, जावरा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल,अभय कोठारी, पूर्व नगर अध्यक्ष नंदकिशोर महावर, बद्रीलाल शर्मा, अजयसिंह भाटी, प्रमोद रावल, मुकेश मोगरा, नारायण धनगर, दिलीप कारपेंटर, रामप्रसाद राठौड़ एवं अजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मालवा के गांधी पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.लक्ष्मीनारायण पांडेय की जन्म जयंती पर भाजपा नगर, मण्डल द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य डॉ. ओपी जोशी, कोषाध्यक्ष कचरुलाल जाट, महामंत्री भँवरगिरी गोस्वामी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मुकेश मोगरा, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रवीणसिंह राठौर, पार्षद प्रतिनिधि नारायण धनगर, प्रकाश जायसवाल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष प्रफुल्ल जैन, पार्षद नरेंद नागर मौजद रहे।

## इधर, गौशाला पर गायों को चारा व गुड़ खिलाया

नगर मंडल जावरा द्वारा मालवा के गाँधी, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व वरिष्ठ सांसद डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जन्म जयंती पर श्री गोपाल इफ्तेखार गौशाला पर गायों को चारा व गुड खिलाया गया, इस अवसर पर बाबूजी डॉ. पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण किया, भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय कोठारी व नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा नें शब्दों के माध्यम से डॉ. पाण्डेय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला, संचालन भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नंदकिशोर महावर व आभार नगर महामंत्री अनिल धारीवाल नें व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रांजल पाण्डेय, मनीष ऊटवाल, मुकेश प्रजापत, सुरेश चौरडिया, वीरेन्द्रसिंह चौहान, मनोहर पांचाल, संदीप रांका, शरद डूंगरवाल, पंकज कांटेड, सुरेश पोरवाल, राजेश धाकड, अनिल मोदी, महेन्द्र चौहान, अनिल त्रिवेदी, मोहन बोरीवाल, विशाल मेहता, सोनू यादव, विनोद चौरसिया, अकरम खान, अफाक अहमद, अजयसिंह भाटी, शरीफ कुरैशी, गिरिराज उपाध्याय, आनंद पांचाल, इफ्तेखार पठान, रुस्तम शाह उपस्थित थे, गो सेवा कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ता ग्राम सूजापुर पहाडी पर स्थित मालवा के गाँधी डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुँचे, जहाँ सभी नें प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।